संख्या–**cm-530**
**19/08/2026**

# मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 जगन्नाथ मिश्र की प्रतिमा का किया अनावरण

पटना, 19 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज सुपौल के बलुआ पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या–04 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 डॉ0 जगन्नाथ मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, विधायक श्री नीरज कुमार बबलू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री शरथ आर0एस0 सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******